BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(1.5.23)
Assignment class X Hindi M.M-15(नेताजी का चश्मा, बालगोबिन भगत)

उत्तर माला

1. मोटा काला और खुशमिजाज।

2. आंखों पर चश्मा ना होने की कमी।

3. कार्तिक मास से शुरू होकर फागुन मास तक।

4. आषाढ़ मास की वर्षा ऋतु का।

1. चश्मे वाले के बारे में हालदार साहब को यह बात समझ आई कि चश्मे वाले का नाम है कैप्टन है। उसे बिना चश्मे की नेता जी की मूर्ति आहत करती थी इसलिए वह उनकी मूर्ति पर चश्मा लगा देता था।

2. नेता जी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा यह उम्मीद जगाता है कि अब भी देशवासियों में विशेषकर नई पीढ़ी में देश के लिए बलिदान देने की भावना है।महान एवं वीर व्यक्तियों के प्रति श्रद्धा और देश के प्रति प्यार का भाव जीवित है और उसका प्रदर्शन करना जानते हैं।

3. गंगा उनके घर से **30** कोस दूर थी पर वे पैदल आते**-** जाते थे। वे घर से खाकर चलते थे और घर पर आकर ही खाते थे ।चार**-**पांच दिन उपवास करके बताते थे ।बस रास्ते में पानी पी लेते थे।

1. बालगोबिन भगत का गायन अत्यंत मधुर होता था ।उसका प्रभाव सभी पर पड़ता था ।उनके गायन के मधुर स्वर को सुनकर खेत की मेड़ों पर खड़ी औरतों के होंठ गुनगुनाने लगते थे ।हलवाहों के पैर ताल में उठने लगते थे और धान के रोपाई करती उंगलियां एक एक करके विशेष क्रम से काम करने लगतीं थीं। भादों की अंधेरी रात में भगत का संगीत जागता रहता था ।कार्तिक मास के प्रभातियों में भी उनके मधुर संगीत की झलक सुनने को मिलती थी। गर्मियों की संझा को तो पूरी प्रेमी मंत्डली ही मधुर संगीत के आनंद में डूब जाती थी।

2. उपरोक्त टिप्पणी पान वाले की है, जो उसने कैप्टन चश्मे वाले के प्रति की। उसकी यह टिप्पणी एक प्रकार का व्यंग्य है और यह नैतिकता से हटकर है। किसी अपंग व्यक्ति का इस तरह मजाक उड़ाया जाना अनुचित है ।किसी भी व्यक्ति को यह शोभा नहीं देता वह दूसरे की शारीरिक दुर्बलता तथा और असहायता का मजाक उड़ाए। हमें तो ऐसे व्यक्ति की मदद करनी चाहिए ।उनके प्रति सहानुभूति का भाव रखना चाहिए । कैप्टन जैसे देशभक्त व्यक्ति के प्रति इस तरह का व्यंग्य निंदनीय है । कैप्टन तो देशभक्तों का प्रतीक है ।उसका उपहास करना देशभक्तों का उपहास करना है ।